राधिका झा I.A.S
राज्य परियोजना निदेशक
शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

उत्तराखण्ड सभी के लिये शिक्षा परिषद
राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान
ननूरखेड़ा, तपोवन मार्ग रायपुर, देहरादून
दूरभाष 0135-2781941, 42, 43
website: http://ssa.uk.gov.in
email - spd-ssa-uk@nic.in

सेवा में,

समस्त जिला परियोजना अधिकारी
सर्व शिक्षा अभियान
उत्तराखण्ड।

पत्रांक : रा0प0नि0 / 1054 / दै0आ0(32) / 2013–14 दिनांक 23 अगस्त, 2013

विषय : दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालयों के पुर्ननिर्माण एवं अभिमुखीकरण कार्यशाला के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 16 अगस्त, 2013 एवं 19 अगस्त, 2013 को सचिव, विद्यालयी शिक्षा की अध्यक्षता में दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालयों के पुर्ननिर्माण एवं तकनीकी सहयोग हेतु बैठक (कार्यवृत्त संलग्न) का आयोजन किया गया। बैठक में निर्माण कार्य की गुणवत्ता हेतु जनपद स्तर एवं राज्य स्तर पर अनुश्रवण प्रकोष्ठों का गठन किया गया जिसका विस्तृत उल्लेख संलग्न कार्यवृत्त में किया गया है। साथ ही दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालयों के पुर्ननिर्माण एवं वृहद मरम्मत कार्य सम्पन्न कराने हेतु समय सीमा के निर्धारण का उल्लेख दिनांक 19 अगस्त, 2013 के कार्यवृत्त में किया गया है। कृपया सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्तों का भलीभाँति अध्ययन कर तत्काल अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

उक्त के अतिरिक्त जनपद चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, रूद्रप्रयाग एवं टिहरी में सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कार्यरत सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ताओं की अभिमुखीकरण कार्यशाला दिनांक 29 एवं 30 सितम्बर, 2013 को राज्य परियोजना कार्यालय के सभागार में आयोजित की गयी है जिसमें मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सी0बी0आर0आई0, रूड़की एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग के विशेषज्ञों द्वारा विद्यालयों के पुर्ननिर्माण, डिजायन तकनीकी सहयोग इत्यादि पर चर्चा की जानी है। अतः सम्बन्धित अपने जनपद के सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ताओं को कार्यशाला में आवश्यक रूप से प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

भवदीया

(राधिका झा)
राज्य परियोजना निदेशक
उत्तराखण्ड, देहरादून।

पृ0सं0: रा0प0नि0 / 1054 / नि0का0–दै0आ0(32) / 2013–14 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि– सचिव, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड शासन के अवलोकनार्थ प्रस्तुत।

(राधिका झा)
राज्य परियोजना निदेशक
उत्तराखण्ड, देहरादून।

D/laxmi/Pad II New SPD e-mail 308